S. No.	Telephone No.
48	6221
49	7428
50	5168
51	7415
52	9200
53	1482
54	9823
55	7260376
56	0759
57	0797
58	7842
59	1206
60	2017
61	0216
62	1699
63	6367
64	1973
65	0673
66	0216
67	6824
68	4378
69	1631
70	5714
71	7264507
72	0280
73	0672
74	0925
75	0593
76	0462
77	0201
78	0214
79	0926
80	0228
81	7171005
82	2883
83	1618
84	1849
85	1571
86	2357
87	2084
88	1170
89	1090

गुजरात में टेलीफोन कनेक्शनों की स्वीकृति

84. श्री राम सिंह राठवा : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में टेलीफोन कनेक्शनों की मांग एवं आवंटन के बीच भारी अन्तर है;

(ख) यदि हां, तो इसका जिलेवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने सभी आवेदकों को टेलीफोन कनेक्शन दिये जाने के लिये क्या प्रयास किये हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) 30-6-93 की स्थिति के अनुसार गुजरात दूरसंचार सर्किल में 5,85,105 टेलीफोन कार्य कर रह थे और 234111 व्यक्ति प्रतीक्षा सूची में दर्ज किये । 1993-94 अवधि

के दौरान 81,000 टेलीफोन कनेक्शन प्रदान किये जाने की योजना है ।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के उद्देश्यानुसार इस योजना अवधि (1992–97) के अन्त तक बड़ी एक्सचेंज प्रणालियों में प्रतीक्षा सूची को दो वर्ष तक सीमित करने और ग्रामीण तथा जनजातीय क्षेत्रों में व्यवहारिक रूप में मांग होने पर टेलीफोन प्रदान करने का लक्ष्य है । उपयुक्त उद्देश्य को पूरा करने के लिए तदनुसार एक्सचेंजों के विस्तार की योजना बनाई जा रही है ।

गुजरात में टेलीफोन सलाहकार समितियां

85. श्री राम सिंह राठवा : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में जिन क्षत्रों में टेलीफोन सलाहकार समितियां है, उनका ब्यौरा क्या है, और उन समितियों के नाम क्या हैं ;

(ख) किन-किन समितियों का गठन अब तक कर दिया गया है, और किन-किन समितियों का गठन अभी तक नहीं किया गया है ;

(ग) क्या यह सच है कि टेलीफोन सलाहकार समितियों के गठन के समय स्थानीय प्रतिनिधियों की सलाह नहीं ली गई थी ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) गजरात में जिन क्षत्रों में दूरसंचार/टेलीफोन सलाहकार समितियां हैं उनके नाम इस प्रकार हैं :

दूरसंचार सलाहकार समिति :

1. गुजरात

टेलीफोन सलाहकार समिति

2. अहमदाबाद
3. राजकोट
4. जामनगर
5. सूरत
6. बड़ोदरा
7. भावनगर
8. भुज
9. वलसार (बल्साड)
10. जूनागढ़
11. मेहसाना
12. नाडियाड

(ख) उन दूरसंचार/टेलीफोन सलाहका समितियों के नाम

जिनका गठन/पुनर्गठन कर दिया गया है	जिनका गठन/पुनर्गठ किया जाना है
दूरसंचार सलाहकार समिति	
1. गुजरात	
टेलीफोन सलाहकार समिति	
2. अहमदाबाद	1. भावनगर
3. राजकोट	2. भुज
4. जामनगर	3. बलसार (बलसाड)
5. सूरत	4. जूनागढ़
6. बड़ोदरा	5. महेसाना
	6. नाडियाड

(ग) और (घ) संचार राज्य मंत्र के कार्यालय से विभिन्न स्थानीय निकाय और आम जनता से अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं । दूरसंचार/टेलीफोन सलाहका समितियों का गठन करते समय इस प्रका के अभ्यावेदनों तथा महाप्रबंधक, गुजरा दूरसंचार सर्किल के कार्यालय से प्राप्त सिफारिशों पर विचार किया जाता है